संक्षिप्त

मतदान बूथों का निरीक्षण किया

रतनगढ़, (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार ने बुधवार को रतनगढ़ का दौरा किया। पर्यवेक्षक ने राजकीय मोहनलाल जालान महाविद्यालय स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। पर्यवेक्षक ने स्वंतत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने हेतु प्रशासन की तैयारियों का जायजा लिया तथा आदर्श आचार संहिता को कड़ाई से लागू करने व निर्वाचन विभाग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पर्यवेक्षक महोदय ने ग्राम पंचायत भवन पड़िहारा मतदान बूथ का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय सहायक रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार वर्मा (एसडीएम रतनगढ़) पुलिस उप अधीक्षक अनिल पुरोहित, कुलदीप मरोलिया निर्वाचन शाखा एवम् हिमांशु यादव मौजूद रहे। एसडीएम अमित कुमार वर्मा ने मालासर नाके पर स्थित एस एस टी दल का निरीक्षण किया व उपस्थित प्रभारी से वाहनों की जाँच व जब्ती संबंधी जानकारी प्राप्त की।

जागरूकता दिवस मनाया

सीकर, (निसं)। एन.एच. 52 स्थित लाइफ स्टाईल वेलफेयर संस्था भढ़ाडर में ऑटिज्म (दिव्यांगता) जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी केशवानंद ग्रुप के निदेशक रामनिवास ढ़ाका सहित अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बताया की समाज में आज भी दिव्यांग लोगों को हीन भावना से देखा जाता है जबकि दिव्यांगजन अपने विवेक और बुद्धि से अनेक उपलिब्धयाँ हासिल कर रहे है ज्ञात रहे केशवानंद संस्थान की दिव्यांग छात्रा बबिता महला ने पैरा तैराकी में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर संस्थान व अपना नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्राचार्य लाइफ स्टाईल वेलफेयर संस्था महिपाल सिंह बिजारणियां, नर्सिंग प्राचार्य महेश कुमावत, डिग्री कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तवंर, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह, व्याख्याता राजकुमार, मंजू ढ़ाका सहित ग्रामीणजन व बच्चे उपस्थित रहे।

फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना में जमीन के फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों से रजिस्ट्री तैयार करने के आरोप में नीमकाथाना न्यायालय ने नीमकाथाना पुलिस थाने को इस्तगासे पर संज्ञान लेते हुए जरिए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। जिसमें पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। उसमें आरोप लगाया गया है कि नीमकाथाना तहसीलदार महेश ओला व उसके लिपिक अवधेश सोनी ने फर्जी रजिस्ट्री बना दी। इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रक्रिया शुरु कर दी है।

धार्मिक अनुष्ठान शुरू

रतनगढ़, (निसं)। श्याम मंदिर के 58वें वार्षिकोत्सव पर चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार से प्रारंभ हुआ। मंदिर परिसर में चल रही श्याम कथा में व्यासपीठ पर विराजमान कृष्णानंद महाराज ने महात्मा बर्बरीक के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत धर्म का मूल मंत्र यही है कि परमात्मा के प्रति हमारा पूर्ण विश्वास हो। इस दौरान विवेक गौड़,आशा गौड़, रामचंद्र थालोड़, धर्मचंद सिंडोलिया, गोपाल महर्षि, भींवराज भोभरिया, इंद्रचंद धर्ड, सांवरमल तोषावड़ आदि मौजूद थे।

मोदी सरकार के नेतृत्व में देश ने अलग पहचान बनाई है: बालकनाथ

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ीनगर के भाजपा कार्यालय परिसर में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

■ **तिजारा विधायक बोले बूथ स्तर के कार्यकताओं की मेहनत से बनेगी केंद्र की सरकार**

भाजपा प्रबंधन समिति व कोर कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक को विधायक बालकनाथ ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ महाराज थे, जबकि अध्यक्षता विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने की। कार्यकताओं से विधायक बाबा बालकनाथ ने कहा कि, देश की संसद के पहले चरण के चुनाव नजदीक आ गए हैं। केंद्र सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम किया है।

पहले एक समय था जब पड़ोसी देश भारत को आंख दिखाकर चुप रहने के लिए मजबूर कर देते थे, लेकिन अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके चलते आज भारत पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है। केंद्र में भाजपा की सरकार रहने से देश आर्थिक रूप से भी मजबूत हुआ है जो विश्व शक्तियों की संख्या में शामिल हो गया है। पार्टी को मजबूत बनाने में अंतिम छोर पर बैठे कार्यकर्ता के महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को संगठित होकर पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए तथा पार्टी के लिए बेहतर कार्य करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने चुनाव में बेहतर मेहनत करने का आव्हान किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, विधान सभा प्रभारी रतन सिंह तंवर, लोक सभा संयोजक दशरथ सिंह शेखावत, विधान सभा संयोजक शेर सिंह निर्वाण, उपजिला प्रमुख सतवीर गुर्जर, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह, सुरेन्द्र काजला, विद्याधर , जयदीप गुर्जर, प्रभु राजोता, निखिल शर्मा, मुकेश अवाना, सत्यनारण भार्गव, रोहितास मनकश, देवाराम सैनी, ज्योति भारद्वाज, शशि सैनी, विजेंद्र सैनी, सतीश खरडिया, रामशरण, संजय कुमार, रामनिवास भरगड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

एफ.एस.टी. टीम ने 13 लाख रुपए बरामद किए

पाटन, (निसं)। लोकसभा चुनावों के दौरान बॉर्डर नाकों पर लगी एफ एस टी टीम द्वारा बुधवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान लगभग 13 लाख रुपए की राशि बरामद की है।

मीना की नांगल नाके पर लगी सब इंस्पेक्टर पिंकी पुलिस लाइन सीकर एव टीम ने एक बोलेरो वाहन को रोककर जांच की तो उसमें एक लाख रुपए की राशि बरामद की गई, इसके बारे में वाहन मालिक ने बताने से मना कर दिया। वही करजो में मोटा बाबा मन्दिर के पास पाटन थानाधिकारी नेकीराम की सूचना पर ए एस आई मालाराम ने टाटा 709 को रोका तो उसमें 12 लाख 10 हजार 200 नगद मिले,जिसके बारे में पुछे जाने पर व्यक्ति ने कोई जवाब नहीं दिया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए हर बॉर्डर पर एफ एस टी टीम क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों की जांच करते हैं। दूसरी तरफ सवाल यह भी पैदा होता है कि इन दिनों शादी विवाह का सीजन भी चल रहा है तो लोग अपने अपने रिश्तेदारों से पैसे लेकर भी आ रहे हैं, क्या उनसे बरामद की हुई राशि उन्हें वापस मिलेगी और कब तक मिलेगी। इस बारे में जबाब देही अधिकारियों ने बताया कि बरामद की गई राशि उनको दे दी जाएगी जब वो सम्पूर्ण जानकारी दे देंगे।

सार-समाचार

'मतदान से करें लोकतंत्र को मजबूत'

सादुलपुर, (नि.स)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान अधिकतम मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए संचालित स्वीप गतिविधियों अंतर्गत बुधवार को एसडीएम कोर्ट राजगढ में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें एसडीएम सुशील कुमार सैनी ने हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर एसडीएम सुशील कुमार सैनी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में आवश्यक तौर पर मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश देना है। साथ ही संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में बूथ क्षेत्र के मुख्य स्थानों, चौक-चौपालों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान का आहवान किया गया है। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशांषी अधिकारी सुमेर सिंह श्योराण, नायब तहसीलदार जयप्रकाश, तरूण कुमार उपाध्याय प्रोग्रामर, अश्विनी शर्मा व्याख्याता, हनुमान सिंह श्योराण उपप्राचार्य, कृष्ण दत्त शर्मा स्वीप सह प्रभारी सहित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित थे।

खुलेआम चल रहे हैं अवैध ढाबा बार

चूरू, (कासं.)। चूरू में पुलिस की मिलीभगत के कारण खुलेआम सड़क किनारे अवैध रूप से ढाबा बार चल रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीएम बहड़ सर्किल से भालेरी रोड़ पर बने ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसने का काम चल रहा है। यहां एफसीआई गोदाम के पास तो देर रात तक शराबियों का जमघट लगा रहता है। आबकारी और पुलिस विभाग वाले खुद यहां भोजन करने आते बताए। इसी कारण इन ढाबे वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। इसी प्रकार सीएम बहड़ सर्किल (पंखा चौराहा) पर काली कमली आश्रम के आगे स्थित पान की दुकान में भी अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री देर रात तक खुलेआम होती है। यहां पुलिस वाले खड़े-खड़े देखते रहते हैं। ऐसा लगता है मानो यहां सारा अवैध कारोबार इन्हीं पुलिस वालों की देखरेख में चल रहा हो। इसी प्रकार जगह-जगह अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। पुलिस और आबकारी विभाग को कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यह पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से ही सम्भव हो सकता है। निर्वाचन विभाग को इस ओर ध्यान देकर दोषी अधिकारियों को तलब करना चाहिए। यह कोई घर की खेती नहीं है जो जिसको छोड़ो उसको छोड़ दो और पकड़ो उसको पकड़ लो।

प्रधानमंत्री कल चूरू आएंगे, तैयारी पूर्ण

चूरू, (कासं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझरिया के समर्थन में 5 अप्रैल को लाइन पुलिस में सुबह 10 बजे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया ने बताया कि इस संदर्भ में संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 अप्रैल को लाइन पुलिस में होने वाली जन आशीर्वाद रैली की तैयारी बाबत मंगलवार देर शाम भाजपा चुनाव कार्यालय में मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी व सुरेश सारस्वत की अध्यक्षता में शहर मंडल की बैठक हुई। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, लोकसभा चुनाव संयोजक ओम सारस्वत, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, मुरलीधर शर्मा, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, विधानसभा संयोजक पदम सिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, वरिष्ठ नेता फतेहचंद सोती, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीप चंद्र राहड़, जिला उपाध्यक्ष सत्तार खान, अख्तर खान, नरेंद्र सैनी, सुनील गहलोत मंचस्थ रहे।

अंडरपास निर्माण के लिए धरना दिया

चूरू, (कासं.)। नेशनल हाईवे अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले आसलु रेलवे स्टेशन, आसलु, लाखाऊ व बणी का बास के निवासियों ने दूसरे दिन भी लगातार धरना दिया। धरने पर उपस्थित जनों में रामचन्द्र शर्मा संयोजक, सत्यनारायण पूनियां, लिच्छुराम झाणका, मनवर खान, डॉ. कादिर हुसैन, मैइनुद्दीन पीटीआई, हनीफ खान, सुबेदार भंवरु खान, देवकरण प्रजापत, मौलाना रमजान अली तंवर, हरूदान चारण, असगर खान अखान, इसब खान, सोहनलाल गुजर, आरीफ सैय्यद, लियाक़त अली, सुबेदार इकबाल खान, नवाब अली भाटी, असलम खान, सुबेदार गफ्फार खान, महेश बजाड़ सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लेकर मांग की। उपस्थित जनों में संघर्ष समिति संयोजक ने कहा कि जब तक नेशनल हाईवे पर अंडरपास निर्माण नहीं होगा तब तक नेशनल हाईवे का निर्माण नहीं होने देंगे।

शत-प्रतिशत मतदान करने का आव्हान

लक्ष्मणगढ़ (नि.सं.)। निर्वाचन आयोग एवम् रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम मोहरसिंह मीणा के मार्गदर्शन में स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर ने नेचारपार्क से कर्तव्य पथ पर राष्ट्रहित में समावेशी वोकथान का आयोजन किया गया । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप वोकथान रैली को उपखण्ड अधिकारी मोहरसिंह मीणा, स्वीप नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारी रामधन डूडी, तहसीलदार फारूक अली खान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विधाधर शर्मा, नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा, स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीशराम, पशुपालन उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गणगौर पूजन कर निकाली बिंदौरी

चूरू, (कासं.)। शेखावाटी अंचल में गणगौर पर्व को लेकर नव विवाहिताओं व युवतियों में काफी उत्साह देखा गया। महिलायें चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर पूजन व व्रत कर अपने पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। वहीं इस पर्व को लेकर युवतियां अच्छे वर की कामना करती हैं। सेजल सर्राफ ने बताया कि होलिका दहन के दूसरे दिन से 16 दिनों तक चलने वाले इस पर्व पर नव विवाहित महिलायें व युवतियां सुबह-शाम गणगौर का पूजन करती हैं। इस दौरान गणगौर को पानी पिलाया जाता है और विशेष लोक गीतों से रिझाया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को गणगौर का बिंदौरा निकाला गया। गणगौर के 16 वें दिन कुवों पर गणगौर का विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर काजल सर्राफ, रेखा बजाज, सरिता, एकता, पूजा, शशि, यशवी, सुलोचना, सरोज, सुशीला, कविता, नेहल, ज्योति आदि मौजूद रहे।

उपखण्ड अधिकारी के विरुद्ध जिला कलैक्टर से मिले प्रोफेसर

चूरू, (कासं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा राजस्थान के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज कलैक्टर से मिलकर तारानगर के उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार द्वारा मंगलवार को माँ जालपा देवी कॉलेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. हँसराज परिहार व अन्य शिक्षकों के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर संज्ञान लेने पर जोर दिया।

ध्यान रहे कि मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी तारानगर रवि कुमार जब महाविद्यालय पहुँचे, उस समय प्राचार्य विश्वविद्यालय परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को पैक कर स्ट्रोंगरूम में रखवा रहे थे, जिसके कारण वे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में थोड़ा विलम्ब से पहुँचे। इस पर उपखंड अधिकारी द्वारा प्राचार्य के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें व उपस्थित अन्य शिक्षकों को सबके सामने अपशब्द कहे गए। उन्होंने परीक्षा कार्य को महत्वहीन बताते हुए सम्पूर्ण परीक्षा प्रणाली को ही नकार दिया। संगठन के प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कलैक्टर को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा के प्रदेश महामन्त्री प्रो. सुशील कुमार बिस्सु द्वारा मुख्य सचिव को प्रेषित उस पत्र की प्रति भी सौंपी, जिसमें उपखण्ड अधिकारी पर समुचित कार्रवाई करने की माँग की गई है। प्रो. बिस्सु ने अपने पत्र में कहा है कि राज्य सरकार का मूल ध्येय निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से परीक्षाओं का आयोजन करवाना तथा इस प्रणाली पर जन साधारण में विश्वास स्थापित करना है। ऐसे में उपखण्ड अधिकारी का विश्वविद्यालय की परीक्षा के दौरान दुर्व्यवहार करना और उसे महत्वहीन बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। संगठन के प्रदेश सहसंगठन मन्त्री प्रो. सुरेन्द्र सोनी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कलैक्टर को कहा कि सभी महाविद्यालय शिक्षक चुनाव कार्य को अत्यधिक गम्भीरता से लेते हैं और मनोयोग से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। इस स्थिति में उपखण्ड अधिकारी तारानगर का व्यवहार निन्दनीय है। उनके द्वारा पद एवं वेतनमान में वरिष्ठ राजसेवक प्राचार्य के साथ किए गए दुर्व्यवहार से उच्च शिक्षा जगत् में गहरा रोष है।

■ **तारानगर में शिक्षकों के साथ हुए दुर्व्यहार के मामले ने जोर पकड़ा**

दोनों अधिकारियों ने आत्मीयता से शिक्षकों का पक्ष सुना और आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से उनके सम्मान की रक्षा की जाएगी और उन्हें न्याय मिलेगा। प्रतिनिधिमण्डल में संगठन के प्रदेश सहसंगठन मन्त्री प्रो. सुरेन्द्र सोनी के साथ संगठन के जिला संयोजक डॉ. महेन्द्र खारड़िया, चूरू इकाई के अध्यक्ष प्रो. दिनेश चारण, प्राचार्य डॉ. हँसराज परिहार, प्रो. प्रशान्त शर्मा, प्रो. रविन्द्र कुमार आदि सम्मिलित थे।

केन्द्र की योजनाओं से आमजन लाभांवित : राजेन्द्र राठौड़

मोदी की चूरू सभा को लेकर राजेन्द्र राठौड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

रतनगढ़, (निसं)। आगामी 5 अप्रैल को चुरू में आयोजित होने वाली मोदी की विशाल जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रतनगढ़ विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बुधवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि एवं भाजपा चूरू जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने बैठक ली।

मोदी की जनसभा को लेकर तैयारी बैठक में मंडल अनुसार सभा में जाने की योजना बनाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर हर रोज नेतागण भाजपा परिवार में शामिल हो रहे है। केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हुआ है। पूर्व विधायकमहर्षि ने कहा कि मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए तैयारीयों में रतनगढ़ विधानसभा के कार्यकर्त्ता लगे हुए है। मोदी की सभा को लेकर भाजपा कार्यकर्त्ता एवं आमजन उत्साहित व जोश से लबरेज है। भाजपा जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आज की रतनगढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता की बैठक से लग रहा है कि मोदी की सभा में रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हजारों कि संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता चुरू जाने वाले है।

■ **'मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर हर रोज नेतागण भाजपा में शामिल हो रहे हैं'**

इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, शिखा बैद, सन्तोष तालनिया, बजरंग गुर्जर, शिवभगवान कम्मा, दीनदयाल पारीक, भागीरथ सिंह राठौड़, हरिप्रसाद दायमा, गिरधारी खिचड, हानीफ खत्री, हिम्मत सिंह मालासी, महेश सैनी, गोपालकृष्ण शर्मा, स्वरूप सिंह सेहला, नन्दलाल सुरोलिया, राकेश गौड़, सुशील इन्दौरिया, सुनील शर्मा, साबू सिंह सेहला, अरविन्द इन्दौरिया, मोहन बबेरवाल, मनोज हारित, दातार सिंह भरपालसर, पवन सिंह कुसुमदेसर, कौशल्या सैनी, उषा शर्मा, सुप्यार चारण, मधु सैन, धनराज इन्दौरिया, देवीलाल मेघवाल, प्रदीप सैनी, साबिर गौरी, प्रवीण शर्मा, मेजर सिंह आदि मौजूद रहे।

महिला मतदाता जागरूकता व हेला टोली का प्रशिक्षण

सीकर, (निसं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सीकर कमर उल जमान चौधरी के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुव्यवस्थित शिक्षा एवं मतदान भागीदारी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बुधवार को सीकर शहर, धोद एवं पिपराली का संयुक्त कार्यक्रम सीकर में प्रधान जी के जाव में आयोजित किया।

कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि महिला मतदाता जागरूकता और हेला टोली का प्रशिक्षण का उद्धेश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका की महिलाओं को प्रशिक्षित कर घर-घर जाकर मतदताओं को जागरूक करना है तथा आगामी लोकसभा चुनावों में अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वोटिंग प्रतिशत में देश में सीकर जिले का नाम प्रथम स्थान पर आए, इसके लिए प्रशिक्षित महिलाएं समूह में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें एवं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील करें। जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने कहा कि यदि जिले का हर मतदाता यह प्रण कर ले कि मुझे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना है और परिवार समाज के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना है तो हमारा मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ सकता है। कार्यक्रम में जमनालाल एंड पार्टी, गायक अंकित अवस्थी, आंगनबाड़ी की महिलाओं द्वारा लघु नाटिका व मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न मतदाता जागरूकता की प्रस्तुतियां दी गई वहीं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम व मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में श्रेष्ठ कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र सिंह पुरोहित सहित अधिकारियों ने 'आई एम प्राउड वोटर' व वोट सीकर वोट सैल्फी लेकर आमजन से मतदान करने की अपील की।

■ **आंगनबाड़ी महिलाओं ने लघुनाटिका व मतदाता जागरूकता को लेकर अनेक प्रस्तुतियां दी**

इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी राकेश लाटा, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धर्मवीर मीणा, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेन्द्र चौधरी, संजय खीचड़, संजय शर्मा, इमरान अली, सीडीपीओ, सीबीईओ, कलस्टर इंचार्ज राजीविका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

हस्ताक्षर करवाए

सादुलपुर। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख के द्वारा कस्बे के मुख्य बस स्टेण्ड बाजार, उतरादा फलसा आदि प्रमुख स्थानों पर आने वाली 19 अप्रेल का अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक मतदाताओं के हस्ताक्षर करवाए।

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री तारिका सैन की जन्म तिथि 26.05.2012 है, उसके स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम तारामणी दर्ज है। जबकि उसके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में उसका नाम तारिका सैन दर्ज है। तारिका सैन व तारामणी दोनों नाम मेरी पुत्री के ही है तथा इनमें तारिका सैन सही नाम है। अब मैं मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में उसका सही नाम तारिका सैन दर्ज करवाना चाहता हूं।

शपथग्रहिता
रतन लाल पुत्र श्री मुरारी लाल जाति सैन, निवासी जिला पुस्तकालय के पीछे वार्ड नं. 28 नया 36, चूरू राजस्थान

गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया

सीकर, (निसं.)। श्याम के दीवाने ग्रुप की महिलाओं ने गणगौर उत्सव राधाकिशनपुरा स्थित रामलखन निवास संतोष चिरानिया के निवास स्थान पर बड़ी धूमधाम से मनाया।

गणगौर राजस्थान का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। किरण चिरानिया ने बताया कि इस गणगौर उत्सव का आयोजन व सजावट सभी महिलाओं द्वारा की गई। जिसमें लाल कलर की थीम और फूलों का डेकोरेशन किया गया है। सीमा चिरानिया ने बताया कि इसमें खूब धमाल मस्ती की गई, गेम्स खेले, सेल्फी प्वाइंट पर सभी ने फोटो खिंचवाई। सभी ने भरपूर आनंद लिया। गेम्स गणगौर की थीम पर रखे गए थे, जिसमें लकी मेहंदी कोन, क्विज कांटेस्ट, म्यूजिकल गेम, डांस गेम आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर विमला देवी चिरानिया, निमिषा चिरानिया, किरण चिरानिया, सीमा चिरानिया, मेघा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, स्नेहा खेतान, ईशा मित्तल, रीना अग्रवाल, मधु अग्रवाल, इशू अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, प्रीति पटवारी, अंकु अग्रवाल, कलावती अग्रवाल, नव्या अग्रवाल, सुनीता पटवारी, कीर्ति फतेहपुरिया, प्रिया अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, नैंसी अग्रवाल आदि महिलाएं मौजूद रही।

श्याम के दीवाने ग्रुप की महिलाओं ने गणगौर उत्सव राधाकिशनपुरा स्थित रामलखन निवास संतोष चिरानिया के निवास स्थान पर बड़ी धूमधाम से मनाया।

झाझड़िया ने प्रचार किया

रतनगढ़, (निसं)।भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड पर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया के समर्थन में लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में आमजन से की।

भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि चूरू लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए केंद्र में जन जन के मन की भाजपा सरकार हम सबको मिलकर बनानी है ।पार्षद माटोलिया ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक निष्ठावान कार्यकर्तागण बूथ लेवल पर घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर मतदान करने का आव्हान करेंगे। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारीलाल खीचड़, भाजपा नेता मोहनलाल बबेरवाल, शंकर लाल कम्मा, ओमप्रकाश जांगिड़, मनोज हारित, हनुमान बारवाल आदि मौजूद थे।

चोरों ने मंदिर से दानपात्र तोड़कर रुपए चुराए

खेतड़ी, (निसं) । खेतड़ी नगर के सनातन धर्म मंदिर में रात को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखे रूपए पार कर दिए। मंदिर में हुई चोरी को लेकर कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

समिति महामंत्री अभिषेक पारीक ने बताया कि सुबह मंदिर में श्रद्धालु विमल शर्मा प्रतिदिन की भाती पूजा करने आए थे। पूजा करने के बाद उनका ध्यान दान पात्र पर पड़ा तो देखा तो की शिवालय का दान पात्र टूटा हुआ है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को फोन किया तो मंदिर कमेटी सदस्य मौके पर पहुंच कर देखा तो दान पात्र का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें से रुपए भी गायब थे। इसके बाद जब हनुमान मंदिर के मुख्य गेट का ताला देखा तो वो भी टूटा हुआ था। शिवालय के दानपत्र के पास एक लोहे की रॉड रखी हुई मिली। मंदिर में हुई चोरी को लेकर कमेटी सदस्यों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की सूचना मिलने पर खेतड़ीनगर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मंदिर के मुख्य गेट पर लगे ताले को लोहे की राड़ से तोड़कर चोर मंदिर में घुसने की बात सामने आई है।

इस दौरान दान पात्र टूटने के बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने बाकी दान पात्र खोल कर उनमें से रुपए निकाल लिए साथ ही मंदिर में लगे पुराने सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत करवाने व नए सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर चर्चा की। कमेटी सदस्यों ने बताया कि चोर अब मंदिरों को निशाना बनाने लगे हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा प्रभावी कदम उठाकर वारदात करने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय पारिवारिक न्यायालय क्रम सं.5 जयपुर
मीना विरूद्ध सुनील
वाद/प्रार्थना पत्र धारा 13HNA
प्रार्थना-पत्र संख्या प्र.सं.54/22 सन्
(CPS No.4208/23)

नाम सुनील शर्मा पुत्र गोकुल चन्द शर्मा जाति ब्राह्मण पता-निवासी मकान नंबर 4/595, जवाहर नगर, जयपुर, दूसरा पता-लक्ष्मण जी का मंदिर, ग्राम-छापोली, तहसील-उदयपुर वाटी, जिला झुंझुनू (राज.)

उक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न नहीं है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 23 माह 04 सन् 2024 को 8 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 02 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-5
जयपुर महानगर प्रथम